पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांकः दिनांक :

विधिक अध्ययन विभाग में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशः

1. विधि पाठ्यक्रम में एलएल.एम./स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रत्येक हेतु 40 सीटें हैं।
2. प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।
3. विधि तीन वर्षीय/पांच वर्षीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा विद्यार्थी प्रवेश के लिए योग्य होंगे।
4. एलएल.एम. एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रत्येक हेतु स्नातक विधि में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक, अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक अनिवार्य हैं।
5. EWS/PH अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रवेश में वरीयता दी जायेगी।
6. अभ्यर्थी को माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, स्नातक, एलएल.बी., स्नातकोत्तर डिप्लोमा, जाति प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (TC), चरित्र प्रमाण–पत्र (CC) की फोटो प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना है।
7. स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों को विधि व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्नातक की उपाधि होना अनिवार्य है।
8. अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र को पूर्ण रूप से भरकर रू. 200 आवेदन शुल्क के साथ जमा करवाना होगा। अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. एलएल.एम. एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा की फीस क्रमशः रू. 15000 एवं रू. 12000 प्रतिवर्ष की डी.डी. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के नाम से बनवाकर अभ्यर्थी को प्रवेश पश्चात जमा करवानी होगी।
10. अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को पुनः उसी पाठ्यक्रम में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश नहीं दिया जायेगा, किन्तु उसे दूसरे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में स्नातक परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिया जा सकेगा।

वाणिज्य विभाग में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशः

1. वाणिज्य पाठ्यक्रम में लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी (A.B.S.T.), व्यावसायिक प्रशासन (B. Adm.), आर्थिक प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन (E.A.F.M.) प्रत्येक हेतु 40 सीटें हैं।
2. प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।
3. M.Com. (A.B.S.T.), M.Com. (B. Adm.) एवं M.Com. (E.A.F.M.) में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का न्यूनतम 48 प्रतिशत प्राप्तांक अथवा आवेदित विषय में 55 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ स्नातक में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. M.Com. (B. Adm.) एवं M.Com. (E.A.F.M.) में किसी भी संकाय में स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश ले सकता है।

5. अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर पर अंकों में छूट राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगी।
6. EWS/PH अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रवेश में वरीयता दी जायेगी।
7. अभ्यर्थी को माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, स्नातक, जाति प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (TC), चरित्र प्रमाण–पत्र (CC) की फोटो प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना है।
8. अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र को पूर्ण रूप से भरकर रू. 200 आवेदन शुल्क के साथ जमा करवाना होगा। अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. एम.कॉम. की फीस रू. 8000 प्रतिवर्ष की डी.डी. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के नाम से बनवाकर अभ्यर्थी को प्रवेश पश्चात जमा करवानी होगी।
10. अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को पुनः उसी पाठ्यक्रम में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश नहीं दिया जायेगा, किन्तु उसे दूसरे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में स्नातक परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिया जा सकेगा।

कुलसचिव